हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 8 जुलाई 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

होटलों में छापा, पलारी की तीन दुकानों को नोटिस 12



पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार आने जाने ... 12



## खबर संक्षेप

### अघोषित बिजली कटौती ब्लॉक कांग्रेस का आज धरना

**सिमगा।** अघोषित बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस सोमवार को एक दिवसीय धरना- प्रदर्शन करेगी। सिमगा के कार्यकारी अध्यक्ष हिरेन्द्र कोसले ने बताया



कि प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती व बिजली दर में वृद्धि के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सोमवार को पुराने बस स्टैंड में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा। जिसके प्रभारी शैली भाटिया उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी को बनाया गया है। उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। श्री कोसले ने उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक के सभी कांग्रेसजनों से उपस्थित रहने की अपील की है।

### बालक कल्याण समिति में अध्यक्ष व सदस्यों के लिए आवेदन लेंगे 15 तक

**मुड़पार सरसीवां ।** जिले के किशोर न्याय बोर्ड में सामाजिक कार्यकर्ता तथा बालक कल्याण समिति में अध्यक्ष एवं सदस्यों के चयन करने के लिए योग्य उम्मीदवारों से संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग ब्लॉक 1, द्वितीय तल इंद्रावती भवन अटल नगर नया रायपुर छत्तीसगढ़ पिन कोड 492002 के पते पर 15 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, कोरियर के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन पत्र 15 जुलाई की शाम 5 बजे तक अनिवार्य रूप से आवेदन प्राप्त हो जानी चाहिए। इसके बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए सीजीस्टेट डॉट जीओवी डॉट इन या सीजीडबल्यूसीडी डॉट जीओवी डॉट इन से संपर्क कर सकते हैं। राज्य बाल संरक्षण छत्तीसगढ़ अंतर्गत किशोर न्याय बोर्ड में सामाजिक कार्यकर्ता तथा बालक कल्याण समिति में समितियां की पूर्ति हेतु अध्यक्ष एवं सदस्यों का चयन कर समिति का गठन पुनर्गठन किया जाना है।

## जहां- जहां से गुजरा रथ, बही भक्ति की बयार







### भगवान जगन्नाथ निकले रथ पर लोगों ने पूजा- अर्चना कर लिया आशीर्वाद

**कसडोल।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ भगवान की रथयात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई। महाप्रभु जगन्नाथ जी के रथयात्रा की एक झलक पाने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रति वर्ष आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष के द्वितीया से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की रथयात्रा निकाली जाती है । ओडिशा के जगन्नाथ पुरी में रथयात्रा महोत्सव को पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व 10 दिनों का होता है। कसडोल नगर में भी मनाए जाने वाले रथयात्रा काफी ख्याति प्राप्त है क्योंकि यहाँ पर भी रथयात्रा देखने क्षेत्र के अलावा आसपास के जिलों से भी लोग आते हैं। मंगलवार को निकली रथयात्रा लोग घरों के बाहर भगवान जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान नगर का माहौल भक्तिमय के साथ भगवान का झलक पाने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

# रथ पर सवार होकर भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के साथ निकले जगत के नाथ, श्रद्धालुओं में रस्सी खींचने की होड़

'जिले के मंदिरों से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज निकाली गई। भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के साथ जगत के नाथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। भगवान का रथ खींचने लोगों में होड़ मची रही। जहां- जहां से भगवान का रथ गुजरा वहां- वहां जमकर भक्ति की बयार बही। भगवान के जयकारे से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। रथयात्रा के दौरान भक्तों का गजामूंग का प्रसाद वितरित किया गया। नगर भ्रमण के दौरान मौसी के घर पहुंचे भगवान जगन्नाथ, अब वहां विश्राम करेंगे। श्रद्धालु भजन- कीर्तन कर भगवान की सेवा करेंगे।'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

क्षेत्र सहित आसपास के गांव में भगवान जगन्नाथ की रथयात्र धूमधाम से निकाली गई। ग्रामीण द्वारा गली भ्रमण के लिए रथ बनाया गया था। रथ को सजाकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम तथा बहन सुभद्रा को ग्राम में भ्रमण कराया गया। तालाब पारा के जगन्नाथ मंदिर से निकली यह यात्रा बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर पहुंची। इस दौरान लोग रथ खींचकर निहाल हुए। रास्ते भर भगवान के जयकारे और झूमते गाते हुए लोगों का जत्था चल रहा था। जिस स्थान से यह यात्र गुजर रही थी, वहां का माहौल भक्तिमय हो जा रहा था। किसानों ने अपनी अच्छी फसल और गांव की खुशहाली के लिए भगवान जगन्नाथ की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की। पंडित रघुवर दास वैष्णव ने बताया कि पद्म पुराण के अनुसार, भगवान जगन्नाथ की बहन ने एक बार नगर देखने की इच्छा जताई। तब जगन्नाथ और बलभद्र अपनी लाडली बहन सुभद्रा को रथ पर बैठाकर नगर दिखाने निकल पड़े। इस दौरान वे मौसी के घर गुंडिचा भी गए और यहां सात दिन ठहरे। तभी से जगन्नाथ यात्र निकालने की परंपरा चली आ रही है। इस अवसर पर संतोष साहू,ओंकार साहू, उत्तम साहू, विजय साहू, किशन ध्रुव, धनेश्वर साहू, डेविड साहू, लागून निषाद, संतोष धूरव, इच्छाराम साहू, पप्पू राम ध्रुव, फागू राम सेन,अमितेश साहू, बलि साहू, चरण निषाद, तुलसी साहू, खिलन साहू, देवनाथ साहु, हुसैन साहू, जेठू राम, वंश चंद्राकर, शंभू निषाद, सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### रथ पर निकले भगवान जगन्नाथ

**बलौदाबाजार।** आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 7 जुलाई को शहर में भव्य



रथयात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान रथ पर विराजित भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा को भक्तगणों द्वारा रथ खींचते हुए प्रभु के जयकारे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। नगरवासियों द्वारा जगह–जगह रथयात्रा का स्वागत करते हुए आरती उतार कर विधिविधानपूर्वक पूजा अर्चना की गई।

### भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई धूमधाम से



**भाटापारा।** शहर में वर्षो की परंपरा को जीवित रख भाटापारा नगर में जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्ग से जगन्नाथ भगवान की रथ यात्रा निकाली गई। विधिसंगत पूजा पाठ कर यह यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शहर के सभी श्रद्धालुजन ने रथ खींचा। व्यवस्था में पुलिस प्रशासन ▶▶ शेष पेज 11 पर

### भाटापारा में शिव ने महाप्रभु की पूजा-अर्चना कर बिठाया रथ पर

**भाटापारा।** नगर में रविवार को रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा शंकर वार्ड स्थित लटूरिया महाराज जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथयात्रा में शामिल हुए।



जगन्नाथ मंदिर में विशेष रस्म के साथ रथयात्रा निकाली गई है। रथयात्रा शुरू करने से पहले शिवरतन शर्मा ने प्रभु की प्रतिमा को हाथों से उठा कर रथ में विधि विधान से पूजा अर्चना कर बिठाया। उन्होंने कहा कि पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है। महाप्रभु जगन्नाथ जितने ओडिशा के लोगों को प्रिय हैं, ▶▶ शेष पेज 11 पर

### जिले में धूमधाम से निकाली गई रथयात्रा, बांटा गया गजामूंग प्रसाद

**खरोरा।** खरोरा सहित अंचल में भी धूमधाम से रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा आषाढ़ मास की शुक्ल तिथि की द्वितीय तिथि को मनाया जाता है। आज महाप्रभु जगन्नाथ बड़े भैया बलदाऊ व बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा का पर्व नगर श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से निकल कर नगर के प्रमुख चौक चौराहे हुए पूरे नगर का भ्रमण किया। इस दौरान स्थानीय बालाजी मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ ,बलदाऊ व सुभद्रा के सवार होने के पश्चात रथयात्रा निकाली जाती है। ऐसी मान्यता है कि उक्त रथ को खींचने से पुण्य लाभ की प्राप्ति होती है। साथ ही भगवान की कृपा दृष्टि बनी रहती है । इसीलिए भक्तों की टोली में रथ खींचने की होड़ रही।



## रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, 6 ट्रैक्टरों को किया गया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

■ थानों के सुपुर्द किए गए ट्रैक्टर

खनिज एवं पुलिस विभाग के सयुंक्त दल द्वारा सरसीवां और कोसीर क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

ग्राम पेंड्रावन में खनिज रेत के 4 तथा 1 ट्रैक्टर चूना पत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त पाया गया। इन 5 ट्रैक्टरो को जब्त कर थाना सरसीवां और 1 ट्रैक्टर को कोसीर थाना के सुपुर्दगी में दिया गया। इस प्रकार कुल 6 ट्रैक्टरों की जब्ती की गई है। कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर खनिज अधिकारी हीरादास भारद्वाज के मार्गदर्शन में उक्त कार्रवाई की गई। आरोपियों पर छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं ख़ान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की जाएगी। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## भीम आर्मी का पूर्व जिलाध्यक्ष बंजारे गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ नगर में तोड़फोड़ एवं आगजनी की घटना में है आरोपी

■ मंच से भड़काऊ एवं उत्तेजक भाषण देकर, धरना प्रदर्शन में आए लोगों को भड़काने का आरोप

गत दिनों नगर में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थरबाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खड़े वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दिया गया था। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा तोड़फोड़ एवं आगजनी



करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग–अलग टीमों का बनाकर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दी जा रही है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पहचान कार्रवाई करते हुए सरगर्मी से पता तलाश जारी है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने, मंच से उत्तेजक भाषण देकर लोगों को भड़काने वाले एवं इस दौरान उद्दंड उपद्रव करने वाले लोगों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है। त पुलिस द्वारा रविवार को प्रकरण में शामिल आरोपी ओमप्रकाश बंजारे को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि आरोपी जिला जांजगीर चांपा में भीम आर्मी का पूर्व जिला अध्यक्ष है। गिरफ्तार आरोपी ओमप्रकाश बंजारे 27 वर्ष निवासी मंडी चौक सेंदरी थाना जैजैपुर जिला सक्ती वर्तमान पता फ्लैट नंबर 1 सौरभ एनक्लेव रामावर्ल्ड परसदा थाना चकरभाठा जिला बिलासपुर द्वारा ▶▶ शेष पेज 11 पर

## राजस्व पखवाड़ा शिविर शुरू



**मुड़पार सरसीवां।** जिले में राजस्व पखवाड़ा का शुरूआत किया गया। तहसीलदार पूनम तिवारी के नेतृत्व में तहसील कार्यालय सारंगढ़ परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं, किसानों और नागरिकों ने इस शिविर का लाभ लिया। इस शिविर में अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, विवादित नामांतरण, विवादित बंटवारा,सीमांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, पट्टे संबंधी मामले, राजस्व अभिलेखों का अद्यतीकरण, ऋण पुस्तिका अद्यतीकरण, भू अर्जन भूमि परिवर्तन, आरबीसी 6–4 मामले, सड़क ▶▶ शेष पेज 11 पर

**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

### पुलिस अधीक्षक पुष्कर व डीईओ डॉ. बंसल ने किया प्रेरित

## सफलता पाने के लिए स्वयं से करें प्रतिस्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

■ जिला स्काउट गाइड का राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर का हुआ समापन

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ का पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास जांच शिविर का आयोजन जिला कार्यालय सारंगढ़ में सम्पन्न हुआ। इसका समापन जिला शिक्षाधिकारी डॉ. वर्षा बंसल डिप्टी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा आईपीएस के मुख्य आतिथ्य में एवं



विकासखंड शिक्षा धिकारी तथा जिला आयुक्त स्काउट नरेश चौहान, एबीईओ मुकेश कुर्रे, आर के जांगड़े के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

शिविर संचालक लिंगराज पटेल ने प्रतिवेदन में बताया कि शिविर में पूरे जिले के विभिन्न विद्यालय से 45 स्काउट गाइड राज्य पुरस्कार की तैयारी हेतु सभी गतिविधियों में भाग लिए। शिविर संचालक गाइड धात्री नायक ने बताया कि इस शिविर के दौरान इन्हें राज्य पुरस्कार में पूछे जाने वाले विभिन्न प्रश्न, प्रयोग आदि की तैयारी करवाई गई। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के आसंदी से डॉ. वर्षा बंसल द्वारा बच्चों को कड़ी मेहनत कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया तथा कैरियर के लिये उपयोगी टिप्स दिए। पुलिस ▶▶ शेष पेज 11 पर

### इनका रहा सहयोग

यह पूर्वाभ्यास जांच शिविर , शिविर संचालक एवम जिला संगठन आयुक्त द्वय स्काउट एवं गाइड एल आर पटेल, धात्री नायक, आब्जर्वर एवं डीटीसी एसएल साहू, मुख्य परीक्षक, जिला कोषाध्यक्ष पीएस साहू, जिला मुख्यालय आयुक्त पवन कुमार नायक, सहायक शिविर संचालक ओंकारेश्वर श्रीवानी, एसएल काठे, पार्वती वैष्णव, रुक्मणी देवांगन, वृंदा साहू , कन्हैया लहरे तथा क्वार्टर मास्टर ओम प्रकाश चौहान आदि के विशिष्ट निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन समयलाल काठे एवं आभार व्यक्त पवन कुमार नायक ने किया।

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI-CHHATTISGARH | R1
AICTE APPROVED
BBA & BCA
1ST TIME IN CHHATTISGARH
• World Class Education
• Internship In Top MNCs
• Top Industrial Tie-ups
OUR MAJOR RECRUITERS :-
accenture
cognizant
DBS
HCL

Deepak Advts.
90161 13333

# 3 महीने में 200 ट्रेनें रद्द, इधर रेलवे ने बनाया 47 मिलियन टन की ढुलाई का रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे के विकास कार्यों से रद्द हो रही ट्रेनों का फायदा मालगाड़ियों को काफी हो रहा है। बीते तीन महीने में 200 से अधिक ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया, ताकि पटरियों का कार्य किया जा सके। लेकिन इस बीच मालगाड़ियों का परिचालन रेलवे ने नहीं रोका। लगातार ट्रेनों के रद्द से जोन के लाखों यात्रियों को दिक्कत हुई। दूसरी ओर इस बीच रेलवे ने मालगाड़ियों का परिचालन बढ़ाकर नई उपलब्धि हासिल कर ली है। इस वित्तीय वर्ष के प्रथम 3 माह बिलासपुर मंडल में 30 जून तक 47 मिलियन टन माल ढुलाई किया है। पिछले साल वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में 40 मिलियन टन हुआ था। ट्रेनों के रद्द होने के बाद भी मालगाड़ियों का परिचालन जारी रहा। जानकारी मुताबिक ट्रैक खाली होने से रेलवे ने मालगाड़ियों की संख्या और बढ़ा दी, ताकि अधिक से अधिक कोयला का ढुलाई हो। जोन में ट्रेन रद्द के दौरान जमकर माल की ढुलाई है।

**खास बातें**

- बिलासपुर मंडल का प्रथम तिमाही लदान में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
- विकास के नाम पर यात्री ट्रेनों को रद्द कर रेलवे लगातार चला रहा मालगाड़ी



### हर दिन गुजर रही 40 से अधिक मालगाड़ी

ट्रेनों के रद्द होने से अब पटरियों में मालगाड़ी की संख्या बढ़ती जा रही है। पटरियों के काम से मालगाड़ी के परिचालन में कोई असर होता नजर नहीं आ रहा है। वर्तमान में 40 से अधिक मालगाड़ी सुबह से रात के समय रायपुर से गुजर रही है, जो ट्रेनों के रद्द होने से पहले 30 बताई जा रही। जिस रूट पर पटरियों का काम चल रहा है, रेलवे उस जगह के लिए मालगाड़ियों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से कर रहा है। रेलवे माल गाड़ियों को रद्द करने से बच रहा है। रेलवे का कहना है कि ट्रेनों के रद्द होने से मालगाड़ी का परिचालन प्रभावित हो जाता है, लेकिन हकीकत में मालगाड़ी बेधड़क पटरियों में दौड़ रही है। यह स्थिति पूरे जोन में है।

### मालगाड़ियों की जारी नहीं होती सूचना

रेलवे का कहना है कि देशभर में पटरियों को अपग्रेड करने का काम तेजी से चल रहा है। इस वजह से रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों को हर महीने रद्द करना पड़ रहा है। जिस रूट पर यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाता है, उस मार्ग पर मालगाड़ियों का परिचालन रद्द नहीं किया जाता। रेलवे के अनुसार ट्रेनों की तरह मालगाड़ियों के रद्द होने की सूचना जारी नहीं की जाती। पटरियों में दोपहर के वक्त काम होता है। उस समय केवल मालगाड़ी नहीं चलाई जाती, लेकिन सुबह और रात के समय पटरियों को मालगाड़ी का परिचालन जारी रहता है। इस वजह से मालगाड़ी को रद्द नहीं किया जाता।

## खबर संक्षेप

### छह दिन में केवल 64 मिमी. बारिश, सूखा-सूखा बीता पहला सप्ताह



**रायपुर।** जुलाई का पहला सप्ताह छत्तीसगढ़ में सूखा-सूखा बीत रहा है। गत छह दिनों में यहां केवल 64 मिमी. बारिश हुई। राज्य में अब तक सामान्य से 22 प्रतिशत कम बारिश हुई है और रायपुर जिले में इसकी कमी 21 फीसदी की है।
मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दिनों में राज्य में व्यापक वर्षा होने की संभावना है, मगर अगले चौबीस घंटे में भारी बारिश उत्तर और दक्षिण के सीमावर्ती इलाकों तक सीमित रह सकती है। वैसे तो जुलाई का महीना बारिश का मौसम माना जाता है, मगर इस बार पहले सप्ताह में कुछ स्थानों पर ही मानसून का प्रभाव नजर आया है। राज्य में अब तक कुल 200.3 मिमी. बारिश हुई है, जो सामान्य 258.3 मिमी. से 22 प्रतिशत कम है। रायपुर जिले में 17.8 मिमी. वर्षा हुई है, जो सामान्य से 21 फीसदी कम है। एकमात्र कोरबा जिला ऐसा है, जहां 319 मिमी. वर्षा हुई है, जो सामान्य से 29 प्रतिशत अधिक है।

### सीएम साय से दपूमरे की जीएम नीनू ने की भेंट



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शुक्रवार को उनके निवास कार्यालय में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक सुश्री नीनू इटियेरा ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुश्री इटियेरा से छत्तीसगढ़ राज्य में रेल सुविधाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर रायपुर रेलमंडल के डीआरएम संजीव कुमार भी उपस्थित रहे।

### जहरीले सर्प की पहचान संरक्षण, रेस्क्यू में बरती जाने वाली सावधानी बताई



**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में सांपों के संरक्षण पर आधारित कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में शामिल हुए स्कूली बच्चों और लोगों को सांप विशेषज्ञ डा. स्वामी और आदर्श श्रेष्ठ ने सांपों का संरक्षण जरूरी क्यों है? सांपों की कैसे पहचान करें, कौन सा सांप कितना जहरीला है, सांप रेस्क्यू के दौरान किस तरह की सावधानी बरतनी चाहिए, इनके बारे में बारीकी और विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान प्रतिभागियों ने सांपों को लेकर कई प्रश्न भी पूछे, जिनका जवाब विशेषज्ञों ने दिया। इस अवसर पर जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर के अलावा जंगल सफारी के युवान वालंटियर्स अनुपम यादव, पल्लवी, नरेंद्र, गाइड्स और स्टॉफ उपस्थित रहे।

### बंगाली कालीबाड़ी महिला समिति ने लगाए पौधे



**रायपुर।** बंगाली कालीबाड़ी महिला समिति ने बुधवार को कालीबाड़ी में पौधारोपण किया। इस दौरान पौधा लगाओ, जीवन बचाओ अभियान चलाने की शपथ सभी सदस्यों ने ली। इस दौरान समिति की अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पौधे लगाए। समिति की कार्यकारिणी सदस्य एवं सांस्कृतिक प्रभारी महुआ मजूमदार ने जानकारी दी।

## कलेक्टर के आदेश के बाद भी मवेशियों को सड़क से हटाने प्रशासन नाकाम

# ट्रक की चपेट में आने से 15 मवेशियों की मौत, ग्रामीण आक्रोशित, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी तथा आउटर की सड़कें गोठान में तब्दील हो गई हैं। सड़कों में मवेशियों का कब्जा हो गया है, जिसकी वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। दुर्घटनाओं में मवेशियों की जान जाने के साथ ही लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

- घटना तिल्दा थाना क्षेत्र में हाईवे से सटे किरना गांव की

ऐसे ही एक मामले में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात तिल्दा थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से 15 मवेशियों की मौत हो गई है। मवेशियों की मौत से आक्रोषित ग्रामीण तथा अलग-अलग संगठन से जुड़े लोगों ने विरोध करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। इस मामले में ट्रक चालक मनोज कुमार साहू निवासी मध्यप्रदेश के सिंगरौली निवासी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक ट्रक की चपेट में आने से 15 मवेशियों की मौत हुई है। लोगों को इसकी जानकारी शनिवार तड़के लगी। मवेशियों के मारे जाने की सूचना मिलने पर गोसेवक से जुड़े हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे गए और पुलिस पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। लोगों ने मवेशियों की मौत एक्सीडेंट से होने के बजाय रॉड से हमला कर मारे जाने का आरोप लगाया। आरोप को लेकर टीआई का कहना है कि मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया गया है। शार्ट पीएम रिपोर्ट में मवेशियों की मौत एक्सीडेंट से होने की बात सामने आई है।





### भारी वाहनों की होती रहती है आवाजाही

गौरतलब है कि जहां मवेशियों की मौत हुई है, उस मार्ग पर भारी वाहनों की दिनभर आवाजाही होती रहती है। तिल्दा-बलौदाबाजार मार्ग पर सीमेंट के साथ अन्य प्रकार के समान से लदे भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। पुलिस को आशंका है कि रात के समय ट्रैफिक का दबाव होने की वजह से एक्सीडेंट की घटना में मवेशियों की मौत हुई होगी।

### कलेक्टर के निर्देशों का भी पालन नहीं

सड़कों पर मवेशियों का जमावाड़ा होने की वजह से एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है, साथ ही मार्ग बाधित होता है। इस बात को देखते हुए कलेक्टर ने जिले के सभी विकासखंडों के स्थानीय प्रशासन को सड़कों से मवेशी हटाने के निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन सड़कों से मवेशी हटाने ध्यान नहीं दे रहा।

### राजधानी की सड़कों पर मवेशियों का कब्जा

जिले के अन्य शहरों की तरह राजधानी की सड़कों पर भी दिन के साथ रात के समय मवेशियों का जमावाड़ा रहता है। रात के समय सड़कों पर मवेशियों की संख्या दिन की अपेक्षा ज्यादा रहती है। साथ ही शहर से सटे हाईवे पर भी मवेशियों का कब्जा रहता है। रात के समय विधानसभा रोड के साथ ही बिलासपुर जाने वाले मार्ग पर मवेशी ज्यादा रहते हैं।

### बारिश में संख्या ज्यादा बढ़ जाती है

बारिश के दिनों में मवेशियों का सड़कों पर कब्जा अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा रहता है। इसकी वजह मेन रोड के साथ गली के मार्गों पर सड़क के किनारे जलभराव की स्थिति रहती है, जिसके चलते मवेशी सूखी जगह की तलाश में सड़कों पर आ जाते हैं। बारिश के दिनों में सड़कों पर अंधेरा ज्यादा होने की वजह से मवेशी की वजह से एक्सीडेंट का खतरा और बढ़ जाता है।

# शहरभर में 5 लाख पौधे लगाने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम क्षेत्र के 10 जोन के 70 वार्डों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण हितैषी आव्हान पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मार्गदर्शन में 5 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।

- एक पेड़ मां के नाम अभियान
- सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सभापति प्रमोद दुबे, पूर्व सांसद सुनील सोनी ने पौधा रोपा

एक पेड़ मां के नाम महाभियान के तहत शनिवार को जोन-6 क्षेत्र के तहत नरैया तालाब गार्डन पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर निगम सभापति प्रमोद दुबे, पूर्व सांसद सुनील सोनी, निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, जोन अध्यक्ष निशा देवेंद्र यादव, पार्षद सरिता वर्मा, चंद्रपाल धनगर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष छगन मुंदड़ा, पूर्व पार्षद राधेश्याम बुंदेला, जगदीश आहूजा, महादेव नायक, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा सहित सामाजिक कार्यकर्ता व नागरिक शामिल रहे।

रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस मौके पर नरैया तालाब गार्डन में ओपन जिम तत्काल प्रारंभ कराने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। ओपन जिम में सीमेंटेड कुर्सियां लगवाने और 2 चौकीदार की व्यवस्था तत्काल करने की हिदायत दी गई।

# महिला थाना प्रभारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घरेलू हिंसा तथा दहेज प्रताड़ना का अपराध दर्ज करने के लिए पीड़िता से 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार महिला थाना प्रभारी वेदवती दरियो को एसएसपी संतोष सिंह ने शनिवार को निलंबित कर दिया है। रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार महिला थाना प्रभारी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर महिला थाना प्रभारी को 19 जुलाई तक न्यायिक रिमांड पर पुलिस ने जेल दाखिल किया है।

- कोर्ट के आदेश पर महिला थाना की टीआई 19 जुलाई तक जेल दाखिल

गौरतलब है कि घरों में खाना बनाने का काम करने वाली लोधीपारा निवासी महिला की शिकायत पर एसीबी ने महिला टीआई को शुक्रवार को ट्रैप किया था। पीड़ित महिला का आरोप है कि वह अपने पति के खिलाफ चार माह पूर्व घरेलू हिंसा तथा दहेज प्रताड़ना को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। काउंसिलिंग में समझौता नहीं होने के बाद भी महिला थाना प्रभारी रिपोर्ट दर्ज करने पीड़ित महिला से टाल-मटोल कर रही थी। इस पर महिला टीआई ने रिपोर्ट करने के नाम पर पीड़ित महिला से 50 हजार रुपए की मांग की। पैसों की मांग किए जाने पर महिला ने इसकी लिखित शिकायत एसीबी में दर्ज कराई। महिला की शिकायत पर एसीबी ने टीआई को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

**घरेलू हिंसा में केस दर्ज करने मांगा पैसा, घूस के साथ महिला टीआई गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महिला थाना प्रभारी वेदवती दरियो को एसीबी की टीम ने एफआईआर दर्ज करने के एवज में 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। महिला थाने की टीआई ने एक महिला से उसके पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना तथा घरेलू हिंसा मामले में एफआईआर दर्ज करने पैसों की मांग की थी। टीआई जिस महिला से पैसों की मांग कर रही थी, वह मूलतः गरियाबंद की रहने वाली है। वह लोधीपारा में निवासरत है और लोगों के घरों में खाना बनाने का काम करती है। ▶▶| शेष पेज 2 पर

- थाना प्रभारी वेदवती दरियो की जेब से निकले रिश्वत के 20 हजार



**नायब तहसीलदार घूस लेते गिरफ्तार**

धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी में एक अधिकारी रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया है। मिली जानकारी के मुताबिक यहां कब्जा जमीन मामले में एक ग्रामीण से 50000 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए धमतरी तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार ▶▶| शेष पेज 2 पर

**अंशकालीन कर्मचारी को पूर्णकालिक करने, ठेका प्रथा बंद कर नियमितीकरण**

# 10 सूत्रीय मांगों की अनदेखी, अनियमित कर्मचारी 20 को करेंगे धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के आव्हान पर प्रदेशभर के विभिन्न शासकीय, कार्यालयों, विभागों में कार्यरत अनियमित कर्मचारी नियमितीकरण, निकाले गये कर्मचारियों की बहाली, अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 20 जुलाई को प्रदर्शन करेंगे। नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल से प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने ध्यानाकर्षण रैली निकाली जायेगी।

फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमप्रकाश गजेन्द्र, सचिव अरुण वैष्णव ने संयुक्त रूप से कहा अनियमित कर्मचारी अपने अधिकार के लिए समय-समय पर आंदोलन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराते रहे हैं। अनियमित कर्मचारियों के मंच पर पूर्व में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों ने आकर हमारी समस्याओं को सुना और अनियमित कर्मचारियों की समस्याओं को प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर यथाशीघ्र निराकरण करने आश्वस्त किया था, 6 माह बीतने के बाद भी प्रदेश की भाजपा सरकार अनियमित कर्मचारियों की मांग पर ध्यान नहीं दे रही। वह केवल एक कमेटी बनाकर भूल गई है। यही नहीं, कई विभागों में अनियमित कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। अनेक विभागों में बढ़ी संविदा दर व सम्मान की राशि नहीं दी जा रही है।




### प्रमुख मांग इस तरह

- दैनिक वेतनभोगी, कलेक्टर दर, श्रमायुक्त दर, संविदा, जॉब दर पर कार्यरत कर्मचारियों को तत्काल नियमित व स्थायीकरण किया जाये।
- जॉब दर में कार्यरत कर्मचारियों को मासिक न्यूनतम वेतन पर समायोजित करने की मांग।
- विगत वर्षो में छंटनी किये गये अनियमित कर्मचारियों को फिर से बहाल किया जावे।
- अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक कर एक नियत अवधि के भीतर स्थायीकरण किया जाये।
- प्लेसमेंट के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों को संबंधित विभाग में समायोजन कर नियमितीकरण करने की मांग।
- बिहान केडर कर्मचारी, परिवहन कर्मचारी, मीटर रीडर , रेशम विभाग, 102, 108 और 112 के कर्मचारी, डायलिसिस टेक्नीशियन, हाट बाजार कर्मचारी का विभाग में समायोजन।
- धरना प्रदर्शन के दौरान अनियमित कर्मचारियों पर दर्ज प्रकरणों को शून्य घोषित किया जावे।

### छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन को दान में मिला भूखंड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख वेलफेयर एसोसिएशन के सेवाभावी कार्यों से प्रभावित होकर एक संस्था ने उसे टेमरी में भूखंड दान कर अनूठी पहल की है। वुमेन्स लायंस क्लब रायपुर की संस्थापक अध्यक्ष कमलेश चावला ने वीआईपी रोड पर ग्राम टेमरी में स्थित भूखंड दान में देकर एसोसिएशन के कार्य को सराहा है। एसोसिएशन के संयोजक जीएस बॉम्बरा ने शनिवार को वुमेन्स लायंस क्लब रायपुर की संस्थापक कमलेश चावला द्वारा जनसेवा के लिए भूखंड दान दिए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए उनके मुख्य आतिथ्य में ग्रीन आर्मी के साथ मिलकर सामूहिक रूप से पौधरोपण किया।

### महंगाई पर बात करने का साहस क्यों नहीं दिखा रहे प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी पर चर्चा करने से भाग रहे हैं। मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। महंगाई को लेकर कांग्रेस प्रदेश में जनआंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में असफल और नाकारा साबित हुई है। अभी हाल ही के सर्वे में एक बात सामने आई है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों, रोजगार देने में असफलता, पेट्रोल, डीजल में मनमानी एक्साइज ड्यूटी, रेल यात्रा का महंगा होना, सड़कों पर टोल टैक्स की दरों में वृद्धि एवं आवश्यक वस्तुओं पर भी लगाई गई जीएसटी के कारण आम लोगों की आय एवं बचत घटी है। घर चलाने और आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए 77 प्रतिशत तक के ऋण लेने पड़े हैं, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार को कोई वास्ता नहीं।

# खमतराई मार्ग पर 5 बड़े पाटे ध्वस्त, सफाई की बाधा दूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश के सीजन में नाले-नालियों पर कब्जा कर बनाये गये पाटों को तोड़ने निगम प्रशासन एलर्ट मोड में है। शनिवार को नगर निगम जोन 1 क्षेत्र के खमतराई मुख्य मार्ग पर निगम के तोड़ूदस्ता ने पुलिस बल की मौजूदगी में 5 बड़े पाटों को जेसीबी से तोड़कर गंदे पानी का निकास सुगम कराया।

- नाली पर बेजा कब्जा, जेसीबी मशीन से तोड़ा

नगर निगम जोन 1 कमिश्नर हितेंद्र यादव के निर्देश पर जोन 1 नगर निवेश विभाग और नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता की टीम ने खमतराई मुख्य मार्ग पर पुलिस बल की उपस्थिति में अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर बड़ी नाली पर कब्जा जमाकर बनाये गए 5 बड़े पाटों को जेसीबी मशीन की सहायता तोड़ने की कार्रवाई की गई। अभियान में लगभग 25 ठेलों को हटाकर मार्ग को कब्जामुक्त करते हुए सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

**मूणत ने कहा-हमारा कोई भी कार्यकर्ता कांग्रेस के किसी भी बड़े नेता को दे देगा मात**

# बृजमोहन बोले- कांग्रेस मुझसे पूछकर टिकट नहीं देगी तो जमानत जब्त हो जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण की सीट पर होने वाले उपचुनाव में तो अभी समय है, लेकिन इसको लेकर लगातार सियासत हो रही है। इस सीट को लेकर रायपुर दक्षिण के पूर्व विधायक और रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल का कहना है, कांग्रेस अगर मुझसे पूछकर टिकट नहीं देगी, तो उसकी जमानत जब्त हो जाएगी। इसी के साथ बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा है, कांग्रेस चाहे किसी भी बड़े से बड़े नेता को यहां से मैदान पर उतार ले भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता उनको मात देने में सफल होगा। दरसअल कांग्रेस के नेता पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने ही एक बयान दिया है कि कांग्रेस बृजमोहन अग्रवाल से पूछकर ही कांग्रेस का टिकट तय करेगी। इसी के साथ श्री डहरिया ने यह भी कहा है कि उनकी श्री अग्रवाल से बात हुई है, लेकिन क्या बात हुई है, इसका खुलासा अभी नहीं करूंगा।



श्री डहरिया के बयान पर ही श्री अग्रवाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, मुझसे पूछकर टिकट न देने पर कांग्रेस की जमानत जब्त हो जाएगी। इसी के साथ रायपुर दक्षिण के उपचुनाव को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, हो जाए दो-दो हाथ, हम तैयार हैं।

### रामू रोहरा बोले- छत्तीसगढ़ में कांग्रेस 36 गुटों में बंटी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने कहा, प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व द्वारा अपने ही छात्र संगठन एनएसयूआई के आंदोलन-प्रदर्शन पर पाबंदी लगाए जाने से साफ है कि कांग्रेस न केवल मुद्दाविहीन और वैचारिक तौर पर दिशाहीन नजर आ रही है, अपितु कांग्रेस में आज कोई किसी की सुनने को तैयार नहीं है। नतीजतन कांग्रेस में नेतृत्व के नाम पर गुटबाजी बढ़ रही है। श्री रोहरा ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस में 36 गुट हैं और नेता व कार्यकर्ता एक-दूसरे पर आरोप मढ़कर अपमानित करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। कार्यकर्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्लीपर सेल कह देते हैं, तो कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनके खिलाफ बेहिचक मोर्चा खोल रहे हैं। श्री रोहरा ने कहा, इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस इन सारे घटनाक्रमों से कोई सबक लेने को तैयार नहीं है।



### जांच की आंच में राजनीतिक वजूद झुलसने के डर से भूपेश हैं बेचैन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने शराब घोटाले से जुड़े नकली होलोग्राम की जब्ती के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आए बयान पर पलटवार करते हुए कहा, जांच की आंच में राजनीतिक वजूद झुलसने के डर से भूपेश बघेल बेचैन हैं। श्री मूणत ने कहा, घोटाले के गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पूछताछ के दौरान नकली होलोग्राम का सच स्वीकार करने के बाद भी भूपेश बघेल इस मामले में फिर मिथ्या प्रलाप करके नित नया प्रपंच फैला रहे हैं। श्री मूणत ने कहा, शराब घोटाले के मामले में श्री बघेल द्वारा रचे जा रहे राजनीतिक प्रपंच की उम्र ज्यादा लंबी नहीं है। देर-सबेर इस मामले का पूरा सच सामने आएगा और फिर दोषी चाहे कोई भी हो, उसकी जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी।



## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में की गई साफ-सफाई

**महासमुंद।** अग्निवीर बनने की तैयारी कर रहे युवाओं से शहीद स्मारक में परीक्षा ली गई। साथ ही शहीद स्मारक की साफ-सफाई की गई। जिसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई महासमुंद के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रदीप कुमार, कनक राम निषाद, लक्ष्मीचंद नेताम और सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चे उपस्थित थे।

### विभिन्न्न बीमारियों की जांच आज से

**महासमुंद।** मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में चर्म,यौन, कुष्ठ रोग जांच का आयोजन किया गया है। यह जांच सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शनिवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक किया जाएगा। इसमें डॉ. गरिमा शर्मा एमबीबीएस, एमडी गोल्ड मेडलिस्ट (चर्म एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ) परामर्श के लिए अपनी सेवाएं देगी। इसी तरह कान, नाक व गला जांच के लिए विशेषज्ञ डॉ. चंचल लहरी (एमबीबीएस, एमएस, ईएनटी) उपस्थित रहेंगे।



### बाराडोली स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**सरायपाली।** शाप्राशा एवं उप्राशा बाराडोली में वर्ल्ड कराते संघ के सदस्य एवं छत्तीसगढ़ कराते संघ के मुखिया किकक्वांडो मार्शल आर्ट भोजराज साहू एवं उनकी टीम द्वारा कराते संघ के 28वीं वर्षगांठ के अवसर पर न्योता भोज के रूप में खीर पूड़ी का वितरण किया गया। वहीं कक्षा पहली से आठवीं के विगत परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं अन्य सभी छात्रों को कलम वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर कराते संघ से देवनारायण बरिहा, जयंती साहू, गणेशतरिया, मुरलीधर, त्रिलोचन पटेल, अनिता बरिहा, खीरबाई राठिया, टीकूबाई राठिया, सीमा सिदार, हिमाद्री साव, लोमश कुमार, यशवंत जाल, दुर्गाशंकर मांझी, बृजलाल साव, तोषराम चौधरी, गीतेश्वरी, रजनी सिदार, गणेश राठिया, रोहित बरिहा, हुकलाल एवं प्रमोद तथा शाला परिवार से जगदीश पटेल, तरुण पटेल, गायत्री यादव, नीता सेठ, शुभम साहू, दीपक बरिहा, खुशबू बेहरा उपस्थित रहे। इसके पूर्व प्रवेशोत्सव के अवसर पर संजय डडसेना ने न्योता भोज प्रदान किया।

### कोमाखान में आज निकलेगी रथयात्रा

**कोमाखान।** महाप्रभु भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा 8 जुलाई को निकाली जाएगी। बताया गया है कि राजमहल स्थित राधाकृष्ण, हनुमान मंदिर से महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा एक सुसज्जित रथ में निकलेगी। जिसमें भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा व बलभद्र सवार रहेंगे, जो मंदिर से निकलकर मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड से घूमकर वापस मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान भक्तों को प्रसाद भी वितरण किया जाएगा।

**आयोजन: प्राथमिक, उच्च एवं हाईस्कूल में संयुक्त कार्यक्रम**

# कसेकेरा विद्यालय में मां रूपई एक पौधे तेरे नाम की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

शासकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवम हाईस्कूल कसेकेरा ने संयुक्त समग्र पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विदित हो कि 2021 से कसेकेरा रूपई पहाड़ी पर माता की स्थापना है। चट्टान पर घास उगाने, तापमान कम करने, जैव विविधता को संरक्षण करने के नवाचारी कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

प्रधान पाठक डॉ विजय शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष सैकड़ों ग्रामीणों एवं छात्रों, शिक्षकों द्वारा चटाई बिछाने, पौधरोपण सुरक्षा का आयोजन किया जाता है। सामुदायिक पहल से इस वर्ष विज्ञान आश्रम कसेकेरा द्वारा पौधों को ग्राफ्टिंग बडिंग के साथ विविध प्रकार के औषधीय पौधे, दूब प्रजाति के घास, सतावरी, बन गोदली एवं भृंगराज के चार प्रजाति के कलम उपलब्ध कराया गया। शिक्षक जितेंद्र साहू द्वारा अडूसा, गिलोय के तने 200 नग, कामाक्षी चंद्राकर एवं लक्ष्मी साहू द्वारा कार्टून के गत्ते, नीम इमली के बीज, स्वसहायता समूह के अनुसुइया साहू द्वारा गोबर से बने बाल सीड के साथ स्थानीय पौधे भेंट किया। बच्चों ने अपने-अपने घरों से लता वाले पौधे लगाए, ऐसे पौधों को चट्टानों की दरारों में वैज्ञानिक तकनीक से लगाई जाती है। इसके लिए विशेष मार्गदर्शन वन विभाग के रेंजर विकास चंद्राकर, उपवनपाल मनोज यादव, कविता ठाकुर, शनि ठाकुर के साथ वानिकी विशेषज्ञ खनिता पटेल, मनहरण साहू का लिया गया। ग्रीन केयर सोसाइटी डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही का तकनीकी दृष्टि से विशेष योगदान प्राप्त हो रहा है। विज्ञान व्याख्याता लोकू चंद्राकर द्वारा पत्थरचट्टा, कैक्टस प्रजाति, कटीले, नार वाले पौधे के वर्गीकरण लक्षण, गुणों की पहचान उपयोगिता के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। साथ ही पौधारोपण किया। माता समूह के सदस्य एवं ग्रामीणों ने मां के नाम एक पौधे अभियान में पहाड़ी की तलहटी में एक पौधे रोपित कर कसेकेरा को हरा भरा बनाने, शिक्षा के लिए आदर्श स्थापित करने का संकल्प लिया।



जनपद सदस्य कल्पना संतोष यादव, पूर्व जनपद सदस्य फुलेश्वरी यादव, उपसरपंच बल्ला ठाकुर, शाला विकास समिति अध्यक्ष चंदन साहू, उपाध्यक्ष भोजराम ठाकुर, मितानिन, स्वसहायता समूह, माता समूह के सदस्य ने पौधे लगाए। पंकज ठाकुर, फल्लेश साहू द्वारा पौधे एवं खुदाई यंत्र की व्यवस्था की। प्राचार्य पवन चक्रधारी, संकुल समन्वयक मनीष अवरिया ने कार्यक्रम की निरंतरता, ग्रामीण के सहयोग संकल्प के लिए साधुवाद देते हुए हरियाली खुशहाली की मंगल कामना की। प्रधान पाठक अर्चना चंद्राकर ने आभार प्रदर्शन किया।

प्रधान पाठक शर्मा ने बताया कि पांच वर्षीय योजनाबद्ध कार्यक्रम में सभी ने कुछ न कुछ देकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। यही अभियान की सफलता है। सरपंच ईश्वरी दीवान ने कहा कि हमने ठाना है, एक पेड़ लगाना है। बल्ला ठाकुर उपसरपंच ने कहा कि गांव हरियाली से खुशहाली की ओर है।

# जिला न्यायालय में हुई प्रार्थना सभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला न्यायालय परिसर में न्यायालयीन कर्मचारियों द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिला न्यायिक कर्मचारी संघ के सचिव नितेश पठारे ने बताया कि प्रार्थना सभा का आयोजन के माध्यम से तथा सभी जिलों में एकरूपता रहे इसके लिए न्यायिक कर्मचारियों को उनके कार्य के अनुरूप वेतनमान कुछ गिने चुने राज्यों को छोड़कर पूरे भारत वर्ष में प्राप्त नहीं हो रहा है। सक्षम अधिकारी एवं राज्य शासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराने एवं अपनी मांगों की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश राज्य के न्यायिक कर्मचारियों द्वारा 7 जुलाई 2024 को प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। जिसके समर्थन में छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ ने उन्हें समर्थन प्रदान करते हुए छग के सभी जिलों में प्रार्थना सभा का आयोजन किया है। उत्तरप्रदेश के तरह ही छग राज्य का तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी अनेक समस्याओं जैसे शेट्टी कमीशन की अनुशंसाओं का पूर्ण रूपेण लागू नहीं होना, अनुशंसाओं के अनुरूप न्यायिक कर्मचारियों को उच्च वेतनमान प्रदान ना करना आदि है। जिनका शीघ्र निराकरण आवश्यक है। चूंकि, छग राज्य में हमारे परिवार में सभी धर्मों के कर्मचारी समाहित है, इसलिए हम सभी अपने अपने धर्मों के अनुसार अपने इष्ट देव से प्रार्थना करते है कि उत्तर प्रदेश के न्यायिक कर्मचारियों एवं उनके साथ भारत वर्ष के सभी द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी न्यायिक कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो। जिला न्यायालय सहित तालुका स्थित न्यायालयों में भी कर्मचारियों द्वारा यह आयोजन किया गया।

### दाबपाली स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन

नर्रा। बागबाहरा विखं के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दाबपाली में बाल कैबिनेट का गठन बालक और शिक्षक के उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री डिगेंद्र पटेल, वित्त मंत्री धारणी, तनुजा, सुजल, भोजकुमारी, पूजा, चांदनी, नितिश, यशराज इत्यादि को बाल कैबिनेट में शामिल किया गया। सभी बच्चों को गुलाल से तिलक वंदन लगाकर अपनी अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाने के लिए शपथ ली। इस दौरान स्कूली बच्चे एवं शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।




### बसना स्कूल में हुआ पौधरोपण




**बसना।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना में एक पेड़ मां के नाम थीम को लेकर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स विकासखंड बसना द्वारा विभिन्न स्थानों पर राज्य मुख्यालय रायपुर के आदेशानुसार एवं जिला मुख्यालय महासमुंद के निर्देशानुसार वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जामुन, नीम, आम, करंज, जाम, मुनगा आदि विभिन्न वृक्षों का स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में विवेकानंद दास सचिव विकासखंड स्काउट गाइड संघ बसना के देखरेख में किया गया।

# अमेरिकी उद्यमी की किताब में महासमुंद के आशीबाई स्कूल का नाम उल्लेखित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत के 750 सरकारी स्कूल के छात्राओं द्वारा बनाए गए सैटेलाइट आजादी सैट एवं आजादी सैट 2.0 की असफलता से सफलता की कहानी अब पूरे विश्व के बच्चों के लिए प्रेरणादायक बन गई है। अमेरिकी मूल की उद्यमी लिसा ला बोनटे ने विश्व में प्रथम बार स्कूली छात्राओं द्वारा अंतरिक्ष में सैटेलाइट भेजने के इस साहसिक एवं ऐतिहासिक प्रयास पर अपनी किताब इंस्टेड ऑफ क्राइंग कीप ट्राइंग (हार के बाद ही जीत होती है) लिखी है, जो कि हिंदी एवं अंग्रेजी में एक साथ लिखी गई है। इस किताब में छत्तीसगढ़ से शामिल महासमुंद के शासकीय आशीबाई गोलछा कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय का भी उल्लेख है, जहां के प्राचार्य जीआर सिन्हा, एटीएल प्रभारी शिक्षक चंद्रशेखर मिथिलेश एवं 10 छात्राएं रेणुका चंद्राकर, तृप्ति साहू, किरण साहू, महिमा जांगड़े, मोक्षा ठाकुर, हीना साहू, चंचल साहू, नेहा यादव, राखी यादव, फिजा परवीन ने सेटेलाइट की प्रोग्रामिंग का कार्य किया था।




### यूथ वेंचर फाउंडेशन की संस्थापक हैं लिसा

लिसा ला बोनटे अब यूथ वेंचर फाउंडेशन (एवायवीएफ) की संस्थापक एवं सीईओ है, जिन्होंने सिलिकॉन वैली अमेरिका से ऐरोस्पेस और सूचना तकनीकी में अपने करियर की शुरुआत की है। उन्होंने पिछले 25 वर्षों में अनेक देशों में अंतरिक्ष एवं विज्ञान के क्षेत्र में व्यवसायों का निर्माण कर युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर प्रदान की है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों को सलाह दी है। खाड़ी देशों में एसटीआईएम पाठ्यक्रम की शुरुआत की है। 2009 में नासा और एवायवीएफ ने मिलकर खाड़ी देशों में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में युवाओं के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया है। लिसा नवाचार स्टार्टअप और आंतरिक शिक्षा की प्रबल समर्थक के रूप में अनेक अंतरिक्ष बोर्डों और समितियां में कार्य करती हैं।

# भदरसी में डायरिया पीड़ितों से मिलीं अलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा के ग्राम भदरसी में डायरिया से पीड़ित के यहां भाजपा नेत्री अलका चंद्राकर पहुंची और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। पीड़ितों के घर पहुंच कर उनके कुशल क्षेम जाना एवं शासन से हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।

गांव में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ, सरपंच, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक के साथ पीड़ितों के घर पहुंच कर उन्हें आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी। साथ ही अस्पताल प्रशासन द्वारा तत्काल बीमारी पर नियंत्रण पाया गया और मरीजों की संख्या में कमी आई। अलका ने गांव पहुंचने पर अस्पताल प्रशासन द्वारा कैंप लगाकर दिन-रात उनके सेवा कार्यों को सराहा। अलका ने बताया कि पूरे गांव में क्लोरिन टैबलेट वितरण के साथ ही अपने जिला पंचायत मद से बांटे गए टैंकरों से गांव में घर-घर पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर बीएमओ बढ़ाई, अस्पताल स्टाफ सी चौधरी एवं नर्सिंग स्टाफ सरपंच तीज बाई, सचिव बालेश्वर चंद्राकर, रोजगार सहायक लुभान चंद्राकर, संजय मालवीय, जसराज चंद्राकर, नरेंद्र बग्गा साथ में उपस्थित रहे।



# एकलव्य विद्यालय के लिए मोहगांव स्कूल के तीन बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के तीन विद्यार्थियों का एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय महासमुंद के लिए चयन हुआ है। वर्ष 2024 के चयन परीक्षा में शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव के अनुसूचित जनजाति वर्ग के चार बच्चों ने प्रवेश परीक्षा दी थी। जिसमें से तीन बच्चे चयनित होने में सफल रहे।

चयनित बच्चों में काव्या बरिहा पिता अहीर कुमार बरिहा, दीपक भोई पिता लक्ष्मण भोई, अंश सिदार पिता पद्मलोचन सिदार हैं। विद्यालय के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए कई बच्चों का चयन हुआ है। इस वर्ष मोहगांव विद्यालय के कुल 21 बच्चों का चयन हुआ है। बच्चों के चयन होने पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी केके ठाकुर, बीआरसी जगदीश कन्हेर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय बारीक, ग्राम पंचायत मोहगांव के सरपंच चंद्रमा टिकेलाल भोई, रोहित प्रधान, प्रणव प्रधान, बलदेव बारीक, रमेश प्रधान, रत्नाकर प्रधान, जगदीश कुमार हाईस्कूल प्राचार्य, रविलाल प्रधान पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक, शिक्षक हेमंत कुमार कर, गौरीशंकर पंडा, कविता बढ़ाई, सालिकराम बंजारे, बीआर भोई, अंजय कश्यप संकुल समन्वयक, भोजराज प्रधान प्राथमिक शाला प्रधान पाठक सहित समस्त ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।



## पेज 9 के शेष

### भगवान जगन्नाथ की

सक्रिय रहा। आज भगवान जगन्नाथ जी, बलभद्र जी और सुभद्रा जी को रथ पर विराजित किया गया। उसके बाद नगर भ्रमण कराया गया। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के ग्रामीण श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

### भाटापारा में शिव

उतने ही छत्तीसगढ़ के लोगों को भी प्रिय हैं। उनकी जितनी कृपा ओडिशा पर रही है, उतनी ही कृपा छत्तीसगढ़ पर रही है। आज भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की रथयात्रा प्रारंभ हो रही है। भारतीयता के अलौकिक संस्कृति सौंदर्य से सुशोभित इस रथयात्रा उत्सव की आप सब श्रद्धावान को शुभकामनाएं। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में नगर सहित आस पास के ग्रामीण, श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

### रेत के अवैध ...

साथ ही अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण के खिलाफ कार्रवाई आगे भी निरंतर कलेक्टर के निर्देश पर की जाएगी। जांच टीम में दीपक पटेल अनुराग नंद सहित पुलिस कर्मी शामिल हुए।

### भीम आर्मी का...

घटना के दिन दशहरा मैदान बलौदाबाजार में आयोजित सभा कार्यक्रम में अत्यंत उत्तेजक एवं भड़काऊ भाषण देकर लोगों को भड़काने का काम किया था। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में अभी तक कुल 156 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### राजस्व पखवाड़ा शिविर...

दुर्घटना, बीमा दावा के मामले, अवैध खनिज उत्खनन, अवैध वृक्ष कटाई, अस्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित अन्य मामलों के आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें पटवारी, आर आई और तहसीलदार ने अपने पद से संबंधित कार्यों को पूर्ण किया।

**ये रहे उपस्थित:** शिविर में तहसीलदार पूनम तिवारी, राजस्व निरीक्षक देवमती सिदार, दीपक पटेल, मोहम्मद इदरीश खान सहित पटवारियों में विष्णुदेव सिदार, जैनदास मानिकपुरी और सुरेश निराला उपस्थित थे। इनके अलावा नगरपालिका परिषद सारंगढ़ की ओर से पदमिनी निराला, चन्द्रावती पांडेय और अर्चना उपाध्याय उपस्थित थीं।

### सफलता पाने के लिए...

अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने स्काउट गाइड के बारे में जानकारी प्राप्त कर स्वयं के जीवन की सफलता की कहानी बताते हुए कठिन परिश्रम करते हुए दृढ़ निश्चय होकर लक्ष्य को कैसे प्राप्त किया जा सकता है। इस पर जानकारी देते हुए उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार से शंका होने पर बेझिझक प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित किया। स्काउट शिवम दुबे ने एसपी को स्काउटिंग गतिविधि के बारे में जानकारी दी। गाइड तासीम ने पूछा कि नीट की तैयारी कैसे करें एवं झिझक कैसे दूर करें। इस पर एसपी ने स्वयं से प्रतिस्पर्धा करने प्रेरित किया। शिविर आब्जर्वर शंकर लाल साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त ने स्काउटिंग इतिहास एवं इस शिविर के दैनिक कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष पूनम सिंह साहू ने अपनी लिखित एवं संकलित पुस्तक योग एक दक्षता बैज डॉ .वर्षा बंसल एवं आईपीएस पुष्कर शर्मा को भेंट किया एवं स्काउटिंग से बच्चों को होने वाले लाभ के बारे में बताए।

# युवाओं ने किया रथयात्रा का स्वागत



**महासमुंद।** सर्व महाकाल परिवार द्वारा 7 जुलाई प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इसमें संदीप तंबोली, जय तंबोली, रौनक बागमरे, मुकेश साहू, आनंद सोना, महेश साहू, जतिन निषाद, खेलू चंद्राकर, शुभम साहू, प्रथित तिवारी, नवीन साहू, सौम्या साहू, निखिल तंबोली, धैर्य गोंडाने आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों को पढ़ाने की शैली आने लगती है जब समझ, उसी दौरान शिक्षकों को अन्यंत्र कर दे रहे स्थानांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालको ने पढ़ाई के सबंध में चर्चा करने के लिए स्कूल पहुंचे थे। लेकिन प्रभारी प्राचार्य संदीप पटेल से भेंट मुलाकात नहीं होने के कारण शिक्षक स्टाफ के पास बैठकर चर्चा किए। इस सत्र के कक्षा 10,12 वीं के परीक्षा परिणाम जानकारी ली और परिणाम सुना तो उन्होंने संतुष्ट नहीं हुए। प्रायमरी स्कूल से हायर सेकण्डरी स्कूल तक के विषयवार शिक्षकों की जानकारी ली। बताया कि सभी कक्षाओं में विषयवार शिक्षक है। याने पर्याप्त मात्र मे शिक्षक बताए गए। पालकों ने शिक्षकों से चर्चा करते हुए कहा हम लोगों से कुछ सहयोग की आवश्यकता हो तो बताएं। हम लोग हर स्तर में सहयोग करने के लिए तैयार है। ताकि पढ़ाई के स्तर ऊपर उठ सके और परीक्षा परिणाम अच्छा आए। ताकि क्षेत्र में स्कूल के नाम रोशन हो। ज्ञात हो कि इस संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों है वे गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले के बच्चे हैं। शासन का उद्देश्य है कि ग्रामीण अंचल के बच्चे को अच्छा शिक्षा मिल सके और शिक्षा के स्तर उपर उठ सके। क्योंकि आज का विद्यार्थी कल का भावी नागरिक है। पालकों ने शिक्षक स्टाफ से चर्चा करते हुए कहा कि अभी निराशाजनक परीक्षा परिणाम आया है, आगे ऐसे वैसें निराशा जनक परिणाम नहीं आना चाहिए। स्टाफ मे भी विश्वास दिलाते हुए कहा कि हम पढ़ाई के स्तर को उठाने के लिए हर स्तर मे मेहनत कर के अच्छा परिणाम देंगे।

## विद्यार्थियों के पालक पढ़ाई के सबंध में चर्चा करने पहुंचे डीएवी स्कूल

### विषयवार शिक्षकों की कमी बताई जा रही

बच्चों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कक्षा 11,12 वीं में विज्ञान के विषय के शिक्षक नहीं है, तो स्टाफ न जवाब दिया। शिक्षक की व्यवस्था कल कर दी जाएगी। विद्यार्थियों ने बताया कि हर सत्र में शिक्षकों को नया नियुक्ति किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के भाषा शैली को समझने मे दिक्कत होता है। जैसे एक दूसरे के भाषा शैली को समझते है वैसी ही उस शिक्षक को उस स्कूल से हटा दिया जाता है। तो विद्यार्थियों एवं पालकों ने डीए व्ही स्कूल संचालक से मांग की है, शिक्षकों एवं पाचार्य के पद को स्थाई रूप से नियुक्ति की जाए।




### ये रहे उपस्थित

स्कूल जाने वाले पालकों में हीरालाल साहू, नारायण साहू, सवद्ध यादव, हीरा शंकर दुबे, सुरेश टांडेल, सुंदर साहू, पुरन साहू, दया निधी, संदीप, चमन साहू आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन से चोरों ने पार की बाइक

**भाटापारा।** रेलवे स्टेशन में रिजर्वेशन कराने आए एक व्यक्ति की बाइक को चोर ने पार कर दिया है। एटीएम के पास वाहन खड़ा करके मालिक रिजर्वेशन काउंटर गया था। लौटकर देखा तो बाइक गायब थी। जगह- जगह से चोर वाहनों को पार कर रहे हैं।

ग्राम पडियाईन थाना पंडरिया निवासी भाटापारा में मजदूरी का काम करता है। आज सुबह 8बजे यात्रा हेतु रिजर्वेशन कराने रेलवे स्टेशन आया हुआ था। अपनी काली स्प्लेंडर वाहन क्र CG28E1676 स्टेशन के बाहर एटीएम के सामने खड़ी किया था। जब वापिस आकर देखा तो वाहन नहीं मिला।

### युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम फुसेराडीह में एक युवक ने फांसी लगा ली है। पुलिस ने बताया की 6 जुलाई को पंकज ध्रुव पिता भगवत 25 साल निवासी ग्राम फुसेराडीह ने फांसी लगा ली। मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### फांसी लगाकर दे दी जान

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम तेंदूवाही में एक व्यक्ति ने फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 5-6 जुलाई की दरम्यानी रात राधेश्याम ठाकुर पिता स्व. आशाराम (45 साल) निवासी ग्राम तेंदूवाही ने फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### 5 वर्षीय बच्ची कार की ठोकर से घायल

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम गढफुलझर में रोड किनारे खेल रही 5 वर्षीय बच्ची कार की ठोकर से घायल हो गई। ग्राम गढफुलझर निवासी शिवशंकर पांडे ने पुलिस को बताया कि 5 जुलाई की शाम करीब 5 बजे उसकी 5 वर्षीय पुत्री तारिणी पांडे घर के सामने रोड किनारे खेल रही थी। इसी दौरान अचानक ओडिशा की ओर से आ रही स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 09 जेएफ 4777 के चालक अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मार दिया, जिससे तारिणी पांडे घायल हो गई। उसे इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ 125(ए)-बीएनएस , 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### 40 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, 1 गिरफ्तार



**महासमुंद।** सिंघोड़ा में एक व्यक्ति के कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों व सायबर सेल महासमुंद की टीम द्वारा अपने क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर मुखबिरों को सजग कर अवैध शराब निर्माण मादक पदार्थ परिवहन पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 5 जुलाई को रमेश मिरी पिता नरसिंह मिरी (45 साल) निवासी सिंघोड़ा के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे 40 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 8000 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड में भेजा गया है।

## कार्रवाई : एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट की टीम ने पकड़ा

# पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार आने जाने वाले लोगों को हथियार दिखा धमका रहा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

हाथ में पिस्टल रखकर आने- जाने वाले हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से एक पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ सिविल लाइन थाने में भी कई मामले दर्ज हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राइम एवं साइबर यूनिट की टीम को अवैध रूप से पिस्टल व कट्टा रखकर घूमने वालों तथा इसकी अवैध तरीके से खरीदी–बिक्री करने वालों के संबंध में जानकारी एकत्र कर तस्दीक किया। इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने व कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा कार्य योजना तैयार कर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु अपने–अपने थाना क्षेत्र में मुखबिर लगाने के साथ ही पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है।

इसी तारतम्य में 7 जुलाई को एण्टी क्राइम एवं साइबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत नया बस स्टैण्ड पास सप्ताहिक बाजार के सामने एक व्यक्ति अपने हाथ में पिस्टल रखा है जो आने–जाने वाले आम नागरिकों को भयभीत कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रभारी एण्टी क्राइम एवं साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी खरोरा को आरोपी को पिस्टल के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राइम एवं साइबर यूनिट एवं थाना खरोरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबिर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोसीन अली निवासी सिविल लाइन रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके पास 1 नग पिस्टल व जिंदा कारतूस रखा होना पाया। जिस पर आरोपी मोसिन खान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 नग पिस्टल एवं 1 नग जिंदा कारतूस जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खरोरा में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया। पिस्टल व कारतूस के संबंध में आरोपी से विस्तृत पूछताछ की जा रहीं है।

### थाना खरोरा क्षेत्रातंर्गत नया बस स्टैण्ड पास साप्ताहिक बाजार के पास मोसिन पकड़ा गया





### कार्रवाई में रहे शामिल

कार्रवाई में निरीक्षक दीपक पासवान थाना प्रभारी खरोरा, एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक परेश पाण्डेय, आर. आशीष राजपूत, मोह. राजिक, अमित घृतलहरे एवं प्रकाश नारायण पात्रे तथा थाना खरोरा से सउनि. परशुराम साहू एवं आर. सुरेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कई मामले हैं दर्ज

आरोपी मोसिन खान के विरूद्ध थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 333, 24 धारा 323, 324, 294, 506, 34 भादवि. का प्रकरण दर्ज है। जिसमें वह लगातार फरार चल रहा था। इन प्रकरणों में भी आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी। गिरफ्तार आरोपी मोसीन अली पिता मोह. हुसैन उम्र 28 साल निवासी तरूण नगर रायपुर जीवन अपार्टमेन्ट के सामने शंकर नगर रोड थाना सिविल लाइन रायपुर निवासी है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः एक दिवसीय प्रशिक्षण सह संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

शासकीय महाविद्यालय लवन में उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में समस्त अधिकारी और कर्मचारियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षित किया गया। शासन के प्रतिनिधि के रूप में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ राजू महोबिया, सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र, शासकीय डी.के. महाविद्यालय बलौदा बाजार इस कार्यक्रम के प्रशिक्षक रहे। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 से प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। इस हेतु समस्त शैक्षणिक स्टॉफ और कार्यालयीन कर्मचारियों को उच्च शिक्षा के संदर्भ में इस नीति के उद्देश्य और लक्ष्य से अवगत होना आवश्यक है। उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रणाली और मूल्य परख, बहुमुखी और नवाचारी शिक्षा को अंगीकृत करने वाली यह नीति विद्यार्थियों सहित समस्त हितधारकों के लिए श्रेयस्कर है। प्रशिक्षण सत्र में भारत में शिक्षा नीति के इतिहास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार स्तम्भ, शिक्षा एवं तकनीक के समायोजन, अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम प्रारूप, कौशल सृजन, भारतीय ज्ञान परम्परा सहित मूल्य वर्धन पाठ्यक्रमों के विषय में जानकारी दी गयी। महाविद्यालय के एनईपी प्रकोष्ठ के संयोजक वाय आर महिलाने द्वारा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में प्रकाश डाला गया। शंका समाधान उपरांत प्रशिक्षण सत्र का समापन किया गया।

## किसानों को जनकल्याणकारी योजनाओं की दें जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

- सभापति शर्मा ने कृषि सहित अन्य विभागों की ली बैठक

जिला पंचायत सदस्य राजू शर्मा सभापति कृषि सहकारिता विद्युत विभाग जल संसाधन बीज निगम विभाग की जिले के अधिकारियों के समीक्षा बैठक 5 जून को ली गई। रायपुर पशु चिकित्सालय मंडी गेट सभागार कक्ष में बैठक हुई। राजू शर्मा ने खाद बीज प्रमाणित बीज ज्यादा प्रचार करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएं। ब्लॉक स्तर के उपस्थित वरिष्ठ कृषि विस्तारक अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ग्राम सेवकों को मैदानी क्षेत्र में भेजें। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कृषि के समय बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखें जिससे किसानों के मोटर पंप 24 घंटा चले बीज निगम द्वारा प्रमाणित बीज किसानों को उपलब्ध कराएं। पशु चिकित्सालय के अधिकारियों को कहा गया है कि बरसात के मौसम में जानवरों की देखभाल और टीकाकरण करें। मत्स्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मौसम के आधार पर मछली मारने पर रोक लगे। राजू शर्मा ने कहा है कि किसान सम्मान निधि से एक भी किसान वंचित न रहे। खाते में टेक्निकल कमी को तत्काल सुधार करें। बैठक में कृषि विभाग के उपसंचालक कश्यप खाद्य नियंत्रक खाद्य शाखा उपसंचालक उद्यान विभाग उपसंचालक मत्स्य विभाग मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर वरिष्ठ विकासखंड कृषि अधिकारी धरसीवा अभनपुर आरंग तिल्दा के कृषक माखन,गजेंद्र कुमार, सत्रुघ्न एवं उपस्थित रहे।

## संकुल केन्द्र खजुरी में मना प्रवेशोत्सव



**लवन।** बलौदाबाजार विकासखंड के संकुल केन्द्र खजुरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संकुल स्तरीय इस कार्यक्रम में प्राथमिक मिडिल व हायर सेकेण्डरी के छात्र छात्रओं को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई। साथ ही नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक व गणवेश वितरण किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत खजुरी के सरपंच शिवकुमारी डहरिया व विशिष्ट अतिथि के रूप में पंच जमुना बाई ध्रुव संतोषी धुरव अमरौतिन डहरिया शाला समिति के सदस्य व पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की छायाचित्र की पूजाअर्चना कर किया गया। कक्षा बारहवीं की छात्र जानमती यादव ने स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुती दी। सरपंच शिवकुमारी डहरिया द्वारा बच्चों और विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिये हरसंभव प्रयास व मदद करने की बात कही गई । कार्यक्रम का सफल संचालन प्राथमिक शाला ढाबाडीह के शिक्षक अशोक कुमार साहू और संकुल समन्वयक जागेन्द्र पुरेना के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में संकुल के प्रधान पाठक सतरोहन बंजारे पारागांव चंद्रभूषण ध्रुव खजुरी प्रेमशंकर ध्रुव बोईरडीह दिनेश कुमार वर्मा केशडबरी उच्च माध्यमिक शाला खजुरी से प्रभारी प्राचार्य गिरीश

## होटलों में छापा, पलारी की तीन दुकानों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- साफ–सफाई को लेकर प्रशासन सख्त

खाद्य विभाग की टीम ने होटलों का औचक निरीक्षण आज किया। पलारी की तीन दुकानों को साफ-सफाई सहित अन्य मुद्दों को लेकर नोटिस जारी की है।कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर बारिश के मौसम में खाद्य पेयजल जनित बीमारियों से जनसामान्य के बचाव हेतु होटल एवं रेस्टोरेंट तथा डेयरी की जांच की गई। इस दौरान खाद्य विभाग के टीम द्वारा नगर पंचायत पलारी के 3 दुकानों को नोटिस जारी करते हुए वहां से बरामद किए अमानक खाद्य सामग्रीयों को मौके पर नष्ट किया गया। 3 दुकानों को नोटिस जारी किया गया जिसमें गोविंद भोजनालय,करण ढाबा एवं रवि बासा भोजनालय शामिल है। जिन दुकानों में जांच की गई उसमें दीपक स्वीट्स,पंकज डेयरी, गुप्ता चौपाटी सहित अन्य दुकानें शामिल है। इसी तरह इन दुकानों को वेज और नॉनवेज खाद्य पदार्थों का उचित रख रखाव नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान सभी को खाद्य पदार्थों के सही रख–रखाव पीने के पानी का साफ बर्तन में भण्डारण करने, खाद्य पदार्थ को मक्खी से बचाव हेतु ढंक कर रखने, तेल में तीन बार से अधिक नहीं तलने, एक्पाइयरी डेट वाले खाद्य पदार्थों का उपयोग नहीं करने एवं साफ–सफाई रखने की निर्देश दिए गए है।



### 31 दुकानों से लिए नमूने

चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से 31 नमूना लिया गया है। जिसकी रिपोर्ट आनी बाकी है रिपोर्ट उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी। कुछ दुकानें बैगर खाद्य लायसेंस के संचालित पाया गया जिन्हे तत्काल खाद्य अनुज्ञप्ति,पंजीयन बनवाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी कंचन वर्मा के द्वारा दी गई है। निरीक्षण के दौरान खाद्य विभाग के अन्य अधिकारी एव कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों का तिलक लगा एवं मिठाई खिलाकर किया स्वागत

# असौंदा के प्रायमरी मिडिल में संयुक्त रूप से मना प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

- पुस्तक व गणवेश मिलने से बच्चों के खिले चेहरे

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक विद्यालय असौंदा संकुल केन्द्र असौंदा संयुक्त रूप से प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। छात्र–छात्रओं को निःशुल्क पुस्तक और गणवेश वितरण किया गया। पुस्तक और स्कूली ड्रेस पाकर बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लुनिता चन्द्राकार थे। अध्यक्षता त्रिवेणी वर्मा ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष देवनारायण वर्मा, दशरथ हिरवानी, कुमार यादव,पुष्पा साहू,डिगेश्वरी साहू , सुशीला साहू, प्रमिला यादव उपस्थित थे। संस्था के प्रधानपाठक नेवारन दास गायकवाड़ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र छात्राएं मन लगाकर इस विद्यालय में अध्ययन करें। माता- पिता के साथ साथ स्कूल एवं गांव के नाम को गौरवान्वित करेंगे। स्काउट गाइड प्रभारी शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने स्कूली बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब उन्हें पढ़ने के लिए नियमित तौर पर स्कूल आना है। स्कूल ही बच्चों के सवांर्गीण विकास के लिए एक समुचित वातावरण प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों के शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना है। समूह के बच्चों को समुचित शिक्षा प्रदान किया जाना है । कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के स्काउट गाइड एवं इको क्लब प्रभारी शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने किया।



### पूर्व सरपंच ने कराया न्यौता भोज

शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर पूर्व सरपंच एवं महिला मुक्ति मोर्चा महामंत्री लुनिता चन्द्राकार द्वारा सभी बच्चो को न्योता भोज कराया गया। जिसमे सभी ने एक साथ न्योता भोज का आनंद लिया जिसमें चावल ,दाल, सब्जी, खीर ,पुड़ी के अलावा फल में केला , मीठा में लड्डु परोसा गया । साथ ही कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्रओं को को भी पुररस्कृत किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में संस्था के प्रधानपाठक नेवारन दास गायकवाड़, संकुल समन्वयक ए के पुष्पकार , शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा, शिवकुमार खांडे, नीलिमा सांवकर, ओंकार वर्मा, मनीष कांत वर्मा, रमेश कुमार वर्मा प्रधानपाठक, राम गुलाल दीवान विशेष रूप से उपस्थित थे।

## नपं भटगांव पदाधिकारियों ने कहा- हम किसी पार्टी में नहीं जाएंगे




हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

गत दिनों नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कांग्रेसी पार्षदों ने क्षेत्रीय विधायक कविता प्राण लहरे के धरना प्रदर्शन के कारण से आहत होकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद राजनीति गलियारें में अटकलें लगाए जाने लगी थी कि न.पं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण भाजपा में प्रवेश कर सकते हैं। किन्तु उन्होंने अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि हम अभी किसी भी राजनीतिक दल में प्रवेश नहीं कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नगर में कयास लगाया जा रहा था उसको निराधार बताते हुए न.पं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने कहा कि किसी अन्य पार्टी में प्रवेश करने का अभी कोई मंशा नहीं है।